discussion, with the statement of the Home Minister. Thereafter we will have a structured discussion.

MR. CHAIRMAN: For how long? Should it be for two hours?

SHRI PRANAB MUKHERJEE: For two-and-a-half hours.

CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

Recent Incidents of Fire in Ordnance Depots in the Country and the Remedial Measures Taken by Government With Regard Thereto

श्री सुरेश पचौरी (मध्य प्रदेश) : आदरणीय सभापति महोदय, मैं देश में आयुध डिपुओं में आग लगने की हाल की घटनाओं और सरकार द्वारा तत्संबंधी किए गए उपचारी उपायों पर रक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करता हूं ।

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS AND MINISTER OF DEFENCE (SHRI JASWANT SINGH): Mr. Chairman, Sir, hon. Members would recall that yesterday I had informed them about a minor ammunition related accident, in the Laboratory located in Ammunition Technical Area of Central Ordnance Depot, Jabalpur that had occurred on 6th August, 2001. In response to that statement, hon. Members had suggested, and I had concurred that a fuller discussion about fires in Ordnance depots, during the last two years, specifically from 28th April, 2000, should take place. No doubt, hon. Members have taken note that during the current session of the Parliament, I have already answered a number of questions, on this very issue, in both the Houses.

As hon. Members are aware there were seven incidents of fire, of different intensity, in Ordnance Depots, during this period of two years. Details about these fire accidents I will shortly detail. I might add at the very outset that except in the case of the fire at Ammunition Depot, Bharatpur there has been no loss to civilian life or property in any of these accidents:

(a) Ammunition Depot, Bharatpur (28th April, 2000): Two civilians died and seven civilians were injured. The loss to civilian property was estimated at Rs.70 lakhs.

(b) Ammunition Depot, Dehu Road (3rd May, 2000)

(c) Central Ordnance Depot, Kanpur. (28th May, 2000)

(d) 2 Ammunition Sub Depot (18 Field Ammunition Depot), Mamoon (Pathankot (29th April, 2001).

(e) 2 Ammunition Sub Depot (24 Field Ammunition Depot) Birdhwal, (Ganganagar) (24th May, 2001).

(f) Ordnance Depot Shakurbasti, Delhi (3rd June, 2001)

(g) Central Ordnance Depot, Jabalpur (6th August, 2001)

Courts of Inquiry had been ordered for in all these fire incidents. Courts of Inquiry have been completed in all cases, except that of 2 Ammunition Sub Depot, (24 Field Ammunition Depot), Birdhwal (Ganganagar), Ordnance Depot, Shakurbasti, Delhi and Central Ordnance Depot, Jabalpur.

I would like to share with the hon. Members major findings of these Courts of Inquiry, also the action taken on them.

Ammunition Depot, Bharatpur (28th April,2000) : The likely cause was due to short circuit/sparking on pole No.4 near Guard post No.11. It has, however, not been possible to confirm this through specific, direct evidence. The Court of Inquiry has, inter alia, made the following recommendations:-

(1) Manpower and Equipment deficiency be made up.

(2) Strict control be maintained over cooking and heating at the Guard Posts.

(3) Communications capability needs to be strengthened.

(4) Employment of Casual Labour for clearance of undergrowth be permitted.

(5) Construction of additional ammunition sheds be taken up.

Deficiencies in manpower and equipment have been made up partially. Construction of 21 Explosive Store Houses for storage of ammunition is in progress. Works on perimeter fencing and for enhancement of electric and water supply have been sanctioned. Additional communication equipment has also been provided. Administrative action against the Army personnel has been completed.

Ammunition Depot, Dehu Road (3rd May, 2000). This was an incident of grass fire caused by high temperatures and spread by strong winds. No one was held responsible for the fire. The Court of Inquiry has, *inter alia*, made the following recommendations: -

(1) Fire lanes be constructed in this Ammunition Depot.
(2) There shall be a ban on controlled fires.
(3) Deficiencies of fire fighting equipments be made up.
(4) Provision for casual labour/grass cutting machines be made.

The first two recommendations have been fully implemented. On the remaining too, satisfactory progress has been made.

Central Ordnance Depot, Kanpur (28th May, 2000). The cause of the fire cannot be specified as the Court of Inquiry did not identify the exact cause. The possibility of sabotage/arson has, however, not been ruled out. The Court of Inquiry made the following recommendations: -

(1) To expedite modernization of the depot.
(2) Equipment deficiency be made up.
(3) Better liaison with civil fire services be maintained.
(4) Grass cutting equipment be procured.
(5) Timely auction of salavage items be conducted.

A project for modernization of Central Ordnance Depot, Kanpur, has been approved by the Government at an expenditure of Rs.187 crores. Work has started on the project and is likely to be completed by December, 2003. The project envisages complete mechanization of the stores handling, construction of additional and tiered storage accommodation, improvements in security environment by better lighting, reduced deployment of security personnel, higher perimeter walls etc. Action against the defaulting personnel has been initiated.

2 Ammunition Sub Depot (18 FAD). Mamoon (Pathankot) (29th April, 2001). The Court of Inquiry has made the following main recommendations: -

(1) Deficiencies in fire fighting equipment be made up.
(2) Shortage of security staff be made up.
(3) Plant and Machinery for clearance of grass be procured.
(4) Holding of unit ammunition in depots to be avoided.
(5) Storage and handling of ammunition to be as per regulations.
(6) Ammunition Regulations need updating.
(7) Gazette notification under Indian Works of Defence Act,1903, to be issued.

The Court of Inquiry has held three Officers, one JCO and three ORs responsible. The Court of Inquiry has been finalized only recently. However, departmental directions on security, fire fighting and management of ammunition have been reiterated.

2 Ammunition Sub Depot (24 Field Ammunition Depot), Birdhwal (Ganganagar) (24th May, 2001). The cause of fire will only be ascertained after completion of the Court of Inquiry, which is under progress.

Ordnance Depot, Shakurbasti, Delhi (3rd June, 2001). Similarly, the cause of fire will only be ascertained after completion of the Court of Inquiry, which is also under progress.

Central Ordnance Depot, Jabalpur (6th August, 2001). Court of Inquiry has been ordered.

The following additional steps have also been taken to prevent such incidents in Ordnance Depots:

All depots have been directed to update safety and security instructions.

All depots have been inspected by a Board of Officers to check adequacy of safety and security arrangements.

Shortages in fire fighting equipment are being made up and defective equipment repaired.

Unserviceable ammunition is being disposed of on priority.

Allotment of additional funds for creation of more storage accommodation for shifting ammunition, presently stored on open plinths, under canvas, to proper Explosive Stores Houses.

I wish to share with the hon. Members certain basic shortcomings that the development of ammunition depots have had. To take stock, in the ten years period, from 1989 to 1999, an average of Rs.8 to 9 crores only, per year, were spent for ammunition storage related projects. Mindful of the seriousness of the problem, and with a view to rectifying this shortfall in modernisation and provision of ammunition storage accommodation, the Government, in the last two years, have already allocated an amount of about Rs.350 crores. It is planned that by the end of 2004, all ammunition would be shifted into covered accommodation.

I would like to assure the hon. Members that the Government is seized of this problem which, unfortunately, was not attended to for almost five decades. There is an urgent need to change not only the means of storage but also the method of it. And, we are committed to doing precisely that. Thank you, Sir.

श्री सुरेश पचौरी : माननीय सभापति जी, देश में जो एम्युनिशन डिपो हैं, उनमें निरंतर आग लगने की घटनाएं होती जा रही हैं और 28 अप्रैल, 2000 के उपरांत एम्युनिशन डिपो में जो आग लगने की घटनाएं हुई हैं, उनमें अभी हाल में, मान्यवर, आपका दौरा 5 अगस्त को जबलपुर में था और आपके दौरे के ठीक दूसरे दिन, 6 अगस्त को जबलपुर एम्युनिशन डिपो में आग लगी और यह सातवीं आग लगने की घटना थी 28 अप्रैल, 2000 के बाद। अगर पहली घटना हो तो एक्सिडेंट कहा जा सकता है, दूसरी घटना हो तो को-इंसिडेंस कहा जा सकता है, लेकिन यह सातवीं घटना है, न तो इसे एक्सिडेंट कहा जा सकता है और न को-इंसिडेंस कहा जा सकता है बल्कि इसको, एक लापरवाही की संज्ञा दी जा सकती है। इसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाए, किसे केअरलैस माना जाए? केवल कोर्ट आफ इंक्वायरी की रिकमेंडेशन का ज़िक्र किया जाए तो मैं समझता हूं कि यह पर्याप्त नहीं है। ...**(व्यवधान)**...

मान्यवर, 28 अप्रैल, 2000 को भरतपुर में घटना हुई, उसके बाद देहू रोड में हुई, कानपुर में हुई, मामून (पठानकोट) में हुई, बिर्दवाल (गंगानगर) में हुई, दिल्ली में हुई और अब जबलपुर में हुई। मात्र दो वर्ष में सात एम्युनिशन डिपो में आग लगने की घटनाएं होती जाएं और यह सरकार समय रहते समुचित कदम न उठा पाए तो निश्चित रूप से ये सारी बातें बहुत चौंकाने वाली हैं। समय-समय पर आग लगने की घटना के बाद उसकी जांच के लिए जो कोर्ट आफ इंक्वायरी का गठन किया गया, अगर उन जांच के बिंदुओं को देखें और उनकी रिपोर्ट को देखें तो हम पाते हैं कि उनकी जो रिकमेंडेशन्स हैं, उनका भी पूरा पालन नहीं किया गया। सभापति महोदय, खुद मंत्री जी ने यह स्वीकार किया है कि भरतपुर के बारे में कोर्ट ऑफ इंक्वायरी की जो रिकमंडेशंस थीं, उनका पूरा पालन नहीं हुआ। इसके बाद देहू रोड डिपो में अग्निकांड हुआ, उस बारे में गठित इंक्वायरी कमीशन की रिपोर्ट का भी पूरा पालन नहीं हुआ। यहां केवल 2 बिंदुओं का पालन हुआ, तीसरे और चौथे बिंदु पर प्रोग्रेस जारी है, यह खुद मंत्री जी अपने स्टेटमेंट में कह रहे हैं। देहू रोड के बारे में जो कोर्ट ऑफ इंक्वायरी की रिकमंडेशंस हैं, उनकी तीसरी सिफारिश की ओर मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान दिलाना चाहूंगा। उसमें कहा गया है कि "deficiency of fire fighting equipments be made up"

मान्यवर, अगर आप इन सभी आग की घटनाओं में कोर्ट ऑफ इंक्वायरी की रिपोर्ट की फाइंडिंग्ज़ देखें तो उन सबकी यही फाइंडिंग्ज़ हैं कि जो फॉयर फाइटिंग इक्विपमेंट्स हैं, वे पर्याप्त नहीं हैं और उनको पर्याप्त कोष देने की आवश्यकता है, उनको माडर्न फॉयर फाइटिंग इक्विपमेंट्स देने की आवश्यकता है। जब इन प्वाइंट्स पर संतोषजनक प्रगति नहीं हो पाई तो मैं समझता हूं कि विभिन्न समय पर हुई इन आग की घटनाओं के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का गठन तो किया गया लेकिन इनकी फाइंडिंग्ज़ के बारे में रक्षा मंत्रालय गंभीर नहीं है।

महोदय, कानपुर में भी घटना हुई। कानपुर की घटना के लिए माननीय मंत्री जी ने कहा कि सबोटेज हुआ, सबोटेज की संभावना से उन्होंने इंकार नहीं किया। सबोटेज के लिए कौन

जिम्मेदार है, कौन-कौन से अधिकारी जिम्मेदार हैं और जो जिम्मेदार पाए गए हैं उनके खिलाफ अभी तक क्या कार्यवाही हुई है, इसका जिक्र इन्होंने अपने स्टेटमेंट में नहीं किया है। आखिरी पंक्ति में यह जरूर कहा गया है कि जो डिफॉल्टिंग पर्सनल हैं, उनके खिलाफ कार्यवाही इनिशियेट हो गई है। कब यह कार्यवाही इनिशियेट हुई, उस पर कब अमल होगा, उसके लिए मंत्री जी कब का मुहूर्त निकाल रहे हैं, यह मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं।

सभापति महोदय, मामून में कोर्ट ऑफ इंक्वायरी बैठी, उसने भी यही कहा कि वहां एम्युनिशन का स्टोरेज रूल्स ऐंड रेगुलेशंस के मुताबिक नहीं था। उस रेगुलेशन का पालन नहीं हो पाया, इसके लिए मंत्री जी किसको जिम्मेदार ठहराते हैं, यह मैं आपके माध्यम से उनसे जानना चाहता हूं।

सभापति महोदय, गजट नोटिफिकेशन की बात माननीय मंत्री जी ने की कि जो इंडियन वर्क्स ऑफ डिफेंस एक्ट है 1903 का, उसका गजट नोटिफिकेशन होना चाहिए ताकि वहां के निवासी एक निश्चित दूरी पर रह सकें। उस गजट नोटिफिकेशन की जिम्मेदारी रक्षा मंत्रालय की है यद्यपि उसका क्रियान्वयन करने का काम राज्य सरकार का है। महोदय, माननीय मंत्री जी यह कहकर मुक्ति पा सकते हैं कि यह राज्य सरकार का विषय है लेकिन पहले भी इसी सदन में रक्षा मंत्री जी ने यह कहा था कि वे अपनी तरफ से यह कोशिश करेंगे कि इस ऐक्ट के परिपालन में गजट नोटिफिकेशन राज्य सरकार जारी करे और इसका पालन सुनिश्चित रूप से हो। यह काम अभी तक क्यों नहीं हो पाया है, यह मैं उनसे जानना चाहता हूं।

महोदय, गंगानगर के मामले में जो कोर्ट ऑफ इंक्वायरी बैठी और साथ ही अभी 6 अगस्त को जो जबलपुर में घटना हुई है, उस बारे में जो इंक्वायरी कमीशन बैठा है, उसकी समय सीमा क्या है, यह मैं जानना चाहता हूं। मैं आपका ध्यान इस बात की तरफ भी आकर्षित करना चाहूंगा कि माननीय मंत्री जी को आज यहां वक्तव्य देना था लेकिन कल ही सेंट्रल आर्डिनेंस डिपो के एक अधिकारी ने जबलपुर में प्रैस कान्फ्रेंस करके यह घोषणा कर दी है कि इस मामले की इंक्वायरी की जाएगी और उस इंक्वायरी की रिपोर्ट एक निश्चित समय के अंदर प्रस्तुत की जाएगी। माननीय मंत्री जी ने कल कहा था कि कोई नुकसान नहीं हुआ, किसी को कोई क्षति नहीं पहुंची। क्या मानव क्षति को आप क्षति नहीं मानते हैं? खुद इनका जो ऑफिसर है, जिसने वहां कल प्रैस कान्फ्रेंस की है, मैं उसके स्टेटमेंट की कॉपी लाया हूं जिसमें उन्होंने खुद कहा है कि लेफ्टिनेंट कर्नल अंगरुक और जो एम्युनिशन डिपो में काम करने वाले दूसरे अधिकारी थे, वे आग में झुलस गए हैं, क्या उस मानव क्षति का आप क्षति के रूप में आकलन नहीं करते हैं? कल जो आपने स्टेटमेंट दिया है जबलपुर के सिलसिले में, आपने कहा है कि कोई क्षति नहीं हुई है। क्षति का अर्थ केवल वित्तीय क्षति नहीं होता है, इंसान के शरीर को भी अगर किसी प्रकार की क्षति हो, तो उसे भी इस रूप में देखा जाना चाहिए। मैं इस बारे में व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठा रहा हूं लेकिन सदन की गरिमा और सदन के सम्मान का प्रश्न उठा रहा हूं। जब माननीय मंत्री को कल यह वक्तव्य देना था तो उस अधिकारी को वहां प्रेस स्टेटमेंट जारी कर कि इसकी कौन जांच करेगा, कितने समय में जांच हो जाएगी, यह कहने की आवश्यकता नहीं थी। जब यह स्टेटमेंट जारी होना था तो उसको इस प्रकार के वक्तव्य देने की आवश्यकता नहीं थी। मान्यवर, जहां तक जबलपुर का प्रश्न है, यह कहा जाता है कि जो अनुपयोगी गोला बारूद था उसको नष्ट करने की पहल थी। लेकिन डेढ़ वर्ष पूर्व महाराष्ट्र के रेलवे स्टेशन से दो वैगन गोला बारूद लावारिस अवस्था में जब्त किया गया था और पूर्व रक्षा मंत्री ने इस चीज को स्वीकार किया था कि वह गोला

बारूद सी.ओ.डी. जबलपुर से रवाना हुआ था। तो ऐसा न हो कि सी.ओ.डी. जबलपुर में क्या हो रहा है इसको हम गंभीरता से न लें, ऐसी बहुत सारी बातें है। उसकी अभी तक कोई जांच नहीं हुई है, कोई जांच रिपोर्ट नहीं आई है, किसी को अधिकृत नहीं किया है उसकी जांच के लिए। इसी प्रकार से सी.ओ.डी. जबलपुर से 57 लाख रुपए के पुर्जे गायब हो गए हैं। लगातार सभी समाचार पत्रों ने छापा है। उसकी भी इंक्वायरी अभी चल रही है। कल ही जो मैंने एक अधिकारी पुष्पेन्द्र सिंह का जिक्र किया था उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में इस चीज को स्वीकारा है कि 57 लाख रुपए से ज्यादा का जो गोला बारूद है वह यहां से गायब हो गया था उसकी जांच चल रही है। तो सी.ओ.डी. जबलपुर में क्या हो रहा है, यह मामला केवल आग तक सीमित नहीं है। वहां से रहस्यमय ढंग से गोला बारूद बाहर जा रहा है।

मान्यवर, इससे पहले कि मैं अपनी बात समाप्त करुं, मैं दो-तीन बातें कहना चाहूंगा। पहली बात तो जो कैग रिपोर्ट है -रिपोर्ट नम्बर-7 के अंश मैं लेकर आया हूं। उसमें यह कहा गया है कि जो स्टोर है उसमें 156.4 करोड़ रुपए की जो गोला बारूद सामग्री है वह ओपन में है। मैं उसको यहां कोट करना चाहूंगा : "Stores worth Rs. 156.4 crores were lying in the open as unwanted stores had occupied covered accommodation." यह बहुत सीरियस मामला है कैग रिपोर्ट का। उसके बाद भी माननीय मंत्री जी ने और रक्षा मंत्रालय ने कैग रिपोर्ट की तरफ कोई ध्यान गंभीरता से नहीं दिया और उसका परिणाम है कि आए दिन आग लग रही है, आर्म्स एम्युनिशन, गोला बारूद रहस्यमय ढंग से गायब हो रहे हैं। उनकी केवल जांच चल रही है और कुछ हो नहीं पा रहा है। माननीय मंत्री जी ने दूसरी बात कही कि वहां कोई नुकसान नहीं हुआ। जिस भवन में वह गोला बारूद रखा गया था यह बताया गया कि वह सालों पुराना भवन है तथा यह 1940 का बना हुआ है। उस समय उसकी कीमत दस हजार रुपए थी, बाद में उसकी मरम्मत चार हजार रुपए से हुई। आपकी नजर में अगर वह भवन जीर्ण शीर्ण अवस्था में था तो गोला बारूद वहां क्यों रखा गया और अगर उसकी कीमत आप उतनी आंकते हैं जहां जबलपुर में गोला बारूद रखा गया था तो उस भवन का सी.पी.डब्ल्यू.डी. से आकलन करा लिया जाए कि वह कितने में बनेगा। मान्यवर, जबलपुर में जो आग लगी वहां गोले धड़ाधड़ चलते रहे। उनकी आवाज से वहां का इलाका आतंकित हो गया, वहां के लोगों में असुरक्षा का वातावरण पैदा हो गया। महोदय, आपके माध्यम से मैं विनम्रतापूर्वक ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि मान्यवर, आपके दौरे के बाद दूसरे दिन जब वे प्रशासनिक अधिकारी वहां गए तो उनको एम्युनिशन डिपो में अंदर जाने तक नहीं दिया। जहां तक फायर फाइटिंग इक्विपमेंट्स की बात है, जबलपुर के मेयर से बात की गई और फायर फाइटिंग इक्विपमेंट्स तो उनसे मिल गए लेकिन मेयर को अंदर नहीं जाने दिया गया, कलक्टर को अंदर नहीं जाने दिया गया, एस.एस.पी. को अंदर नहीं जाने दिया गया। वहां की यह सारी पेपर कटिंग है। मैं यह नहीं कहता कि उन्हें अंदर प्रवेश करने दिया जाता लेकिन यदि एक सामंजस्य स्थापित किया जाता तो समय रहते उस आग पर नियंत्रण पाया जा सकता था। यह कहा जा सकता है कि आग केवल आधे घंटे में काबू वाली अवस्था में आ गई, यह बात सही नहीं है। लेकिन मैं इस विवाद में नहीं जाना चाहता हूं। मैं दो-तीन बातें कहना चाहता हूं। पहली बात तो यह कि आगे एम्युनिशन डिपो में आग नहीं लगे, इस सदन में गंभीरता से और दुख भरी भावना से इस पर हम चर्चा करें। इसके लिए आवश्यक है कि जो देश के 15 एम्युनिशन डिपो हैं उनको सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर उनमें वह सारे कदम उठाए जाएं जो कोर्ट आफ इंक्वायरी की रिकमंडेशंस हैं, अलग-अलग समय पर जो निर्धारित की गई हैं। चाहे वह फायर फाइटिंग इक्युपमेंट की बात हो, चाहे

एक्ट के परिपालन की बात हो और चाहे कोई दूसरी बात हो। मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि मास्टर जनरल आर्डिनेंस ने कई बार लिखा कि प्रोक्योरमेंट का जो प्रपोजल है वह कई बार पहले भी रक्षा मंत्रालय को दिए गए हैं लेकिन उन प्रपोजलों को कई वर्षों तक रक्षा मंत्रालय स्वीकृत नहीं करता है और जब आग लग जाती है तो 10 दिन में स्वीकृत हो जाता है। यह विषमता खत्म होनी चाहिए, यह मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं। रक्षा मंत्रालय राज्य सरकारों से बात करके यह सुनिश्चित करे कि जहां एमुनिशन डिपो है उसकी कितनी परिधि में लोग नहीं रहने चाहिए। अगर वह स्थान या इलाका एमुनिशन डिपो की परिधि में आता है तो उसको वहां से विस्थापित करने की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि ईश्वर न करे कभी फिर एमुनिशन डिपो में आग लगे तो कोई जन हानि न होने पाये। मैंने सीएजी रिपोर्ट के मामले का जिक्र किया है जो कि इनवेंटरी मैनेजमेंट का है। यह तहलका के बाद दूसरा गंभीर मामला है। ओपन एरिया में जो एमुनिशन रखते हैं वह इनवेंटरी मैनेजमेंट के संबंध में किया है।

मान्यवर, हम बहुत गौरवशाली हैं कि आप एक गांधीवादी विचारक इस आसंदी पर विराजमान हैं और जो इंडीजनस प्रोडक्शन है उसको बढ़ावा मिले, इस बात को आप प्रोत्साहन देते हैं। ऐसे ही एमुनिशन डिपो जो हमारे देश में हैं, उनमें आग लगी, आग लगने से एमुनिशन हमारा जलेगा और वही एमुनिशन दूसरे देशों से लाया जायेगा तो उससे हमारे इंडीजनस प्रोडक्शन पर असर पड़ेगा। इससे हमारी करेंसी दूसरे देशों में जाती है। सरकार को इसको रोकने के बारे में व्यवस्था करनी चाहिए। मैं यह बताना चाहता हूं कि डिफेंस के पब्लिक सैक्टर अंडरटेकिंग्स में ये फॉरेन इन्वेस्टमेंट की व्यवस्था कर रहे हैं, फॉरेन कोलोबरेशन से कई चीजें यहां लायी जा रही हैं, डिफेंस इक्युपमेंट भी लाये जा रहे हैं, जो डिफेंस इक्युपमेंट हम प्रोक्योर करें वह विदेश के ज्यादा हों, मैं इस पर आपत्ति नहीं कर रहा हूं, लेकिन जो हमारी डिफेंस प्रिपेयर्डनेस है उस पर कई प्रकार के प्रश्न-चिन्ह लगते हैं, यह बहुत गंभीर मामला है। जब कभी इस मामले पर फुल फ्लैज्ड डिसकसन होगी तो मैं उन तथ्यों की तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस को जितना फंड अलाट किया गया है, जैसा माननीय मंत्री जी ने कहा कि फंड की कमी थी। पिछले साल चार हजार करोड़ रुपये का फंड आबंटित किया गया और उसका पूरा उपयोग भी नहीं किया गया। साथ ही एमुनिशन डिपो के लिए जितना फंड आबंटित किया गया था, जो आपके फाइनेंशियल एडवाइजर ने रिपोर्ट दी थी, तो क्या उस पूरे फंड को आपने खर्च कर दिया है?

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से यह निवेदन करना चाहूंगा कि सरकार कोई सुनिश्चित नीति अपनाये, उन बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए, उन सिफारिशों और संस्तुतियों को ध्यान में रखते हुए जो समय समय पर एमुनिशन डिपो में आग लगी है और उनके संबंध में जो कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी कमेटी की रिकमण्डेशन हुई हैं। उनको ध्यान में रखते हुए एक निश्चित समय-सीमा के अंदर सरकार उनका पालन करे और यह सुनिश्चित करे कि भविष्य में एमुनेशन डिपो में आग नहीं लग पाये। इसके लिए जिन लोगों को, जिन अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया गया है या जिन लोगों को लापरवाही के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है उनको एक निश्चित अवधि के अंदर दण्डित किया जाए। ऐसा मेरा आपके माध्यम से आग्रह है। एमुनिशन डिपो में लगी आग को साधारण रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उससे देश की सुरक्षा का सवाल जुड़ा हुआ है, देश की अस्मिता का प्रश्न जुड़ा हुआ है। इसलिए हर देश सेवक यह सुनिश्चित करना चाहता है कि माननीय रक्षा मंत्री जी इस मामले को बहुत ही गंभीरता से लें। धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, I have got the names of 14 more Members. According to the rules, the mover of the Motion should take seven minutes, and the other Members should take five minutes. It is already 12.45 p.m. Now, would you like to continue this during the lunch hour?

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI (Tamil Nadu) : Sir, we can have the lunch break between 1.00 p.m. and 2.00 p.m., and then we can continue it, as there are 14 more Members to speak, and it may take more than an hour.

DR. ALLADI P. RAJKUMAR (Andhra Pradesh) : Sir, we should have the lunch hour.

MR. CHAIRMAN: Okay. Shri R.S. Gavai. Not present. Shri Bratin Sengupta. Not present. Shri Narendra Mohan.

SHRI NARENDRA MOHAN (Uttar Pradesh): Mr. Chairman, Sir, I am extremely grateful to you for having given me this opportunity. At the outset, let me first say a word of thanks to the hon. Defence Minister who has given a very detailed reply including the remedial measures that have been taken by the Government.

But, still, Sir, the series of disasters in Army's ammunition depots are a matter of grave concern. After the Bharatpur incident, we were expecting that some such remedial measures would definitely be taken so that the mistakes committed earlier were not repeated in future. Mr. Chairman, Sir, through you, I would request the Government to assure us that all of the 15 ammunition depots in the country will be modernised, at least, in the next couple of years. As far as my information goes -- it may be correct; but if it is not, I beg to be contradicted -- only three depots have been modernised. The facilities for storage of ammunition are very primitive in most of our Ordnance depots. When the Bharatpur incident had taken place, Mr. Chairman, Sir, with your kind permission, I had raised this very issue. At that point of time, this House was assured that steps will be taken very soon so that such fire incidents do not take place in future. I would like to draw your attention to the recent report of the Standing Committee on Defence (2001-02). On page 31, the report says, "The Committee expresses concern during evidence over the large number of fires that have been occurring in the Ordnance depots and the large amount of ammunition lying uncovered in the Ordnance depots". The point is that at Bharatpur also, huge amount of bombs and even rockets and missiles

were stored uncovered. Why has this been happening? The Ministry has replied, "The following main steps have been taken to avoid hazards in future". This assurance was given by the Ministry about a year ago. It mentions the shortage of fire-fighting equipment. Now, an estimate was done that the Ministry needs approximately 180 fire-tenders, while not even two dozens have been procured. If the Ordnance depots do not have the required fire-fighting equipment, how will they be able to meet such unavoidable emergencies? Then, it was said, "The depots have been asked to hire bulldozers and employ casual labourers for clearance of grass wherever required". Sir, it is in your knowledge and also in the knowledge of this House that the Bharatpur incident took place because of the grass that had grown everywhere in that place. It was said that because of summer heat, the grass had somehow caught fire and the whole Bharatpur depot, which was one of the biggest Ordnance depots of our Army, got exploded. About one-third of the ammunition that was stored there, was destroyed. I do not have the exact figures. But I would request the hon. Minister to give us the figures of how much ammunition was destroyed during the last seven such fires which took place in our ammunition depots in the country, right from the Bharatpur incident to the last one. What was the value of that ammunition that was destroyed in the fire? Why were the bulldozers not given to our depots, at least, to depots like the Bharatpur ammunition depot? Or, have they now been given? Will it be made clear to the House that the necessary bulldozers, the necessary fire-fighting equipment and all other equipment that is necessary is available in all the 13 or 14 Ordnance depots.

Sir, when the Bharatpur and also the Pathankot incidents had taken place, we had been told that wiring in most of the depots was of very poor quality and there was every chance that short circuit might have caused the fire. Is it correct? Has the wiring been redone? Has there been any casualty on that count also? It was said that the storage quality in our ammunition depots was so poor that most of the bombs and shells were kept in open and covered with only tarpaulin. This was the condition during the Second World War. Most of the ordnance depots were created during the Second World War. They have not been updated. In the Ninth Five-Year Plan, there was a provision for updating the ordnance depots, doing new constructions; and, approximately, Rs.1,200 crores were allocated for it. I don't know how much has been sanctioned and how much has been spent. The hon. Minister has been kind enough to assure this House that this time, he is going to spend Rs.350 crores. But that is again an allocation. How

much, actually, is going to be spent during this year and during the next year? Because allocations have always been done, but the money has not been spent. What are the reasons for it? Unless proper precautions are taken, the money is also spent, and modern complexes are created for our ammunition depots, it will be very difficult to stop such fires. The hon. Minister mentioned that in Rajasthan, where this incident took place, it was about 60 kilometres away from the Pakistan border. The inquiry is still going on. The suspicion is -- maybe, I am wrong -- there was the hand of some anti-social elements in it. It has been reported by the newspapers. That ammunition depot is one of the largest depots in Rajasthan. It is causing concern to all of us. The Army spokesman said, "Bursting shells and mines were preventing about 25 civilians and Army fire-tenders from approaching the depot, where nearly 8000 tonnes of heavy and medium ammunition, including T-72 tank shells, 130 mm and 155 mm artillery shells, rockets and assorted mines were stored". Suppose, had that exploded, then what would have happened? Fortunately, in Jabalpur, not much destruction was there. But, still, the cause for concern is that all this is taking place, but we have not been able to identify the officers who are responsible -- except in Kanpur -- for it. In Kanpur, Sir, after the inquiry, two or three officers have been identified. But, what about Bharatpur and what about other places? If they have been identified, what punishment has been given to them? This is very relevant. It is really a matter of grave concern to the nation that our ammunition depots are in such a state of affairs, and they need a completely new policy. May I request the hon. Minister, through you, Sir, that a proper ammunition storage policy should be formed?

MR. CHAIRMAN: You have taken eight minutes.

SHRI NARENDRA MOHAN: Sir, give me one more minute, I will conclude. He has certainly assured the House that in future, every action will be taken to prevent such incidents. But, similar assurances were given on 2nd May, 2000 by the *Raksha Mantri*, Shri George Fernandes, in the Rajya Sabha. I am quoting these assurances. "A broad policy letter regarding precautions to be taken to prevent fire incidents". That was the first assurance. The second was, "Each ammunition depot has its own security and firefighting instructions which are updated periodically". The third was, "Annual inspections are undertaken by technical as well as administrative heads". And the fourth was, "Between 1996-97 and up to 31st March, 2000, Rs.241.73 crores were allocated for building standard storage accommodation". Out of this, Rs.126.25 crores was sanctioned in 1999-2000.

The types of ammunition stored in these depots is so sensitive, I would like to put a question: Are we really making the right type of buildings for them? If our buildings are not of good quality and if they can't be stored properly over there, then, it is going not only a matter of grave concern, but it is going to cause a great loss of life and tragedy to the nation. This is my submission.

I request the Minister, through you, to come out with a very comprehensive and detailed statement on this and assure the House that, in future, nothing like this would happen.

SHRI SHANKAR ROY CHOWDHURY (West Bengal): Mr. Chairman, Sir, the hon. Minister has given as comprehensive an answer as he can. So, I would commence my comments by assuring him of my full sympathy because he is attempting to answer questions for which there is no answer.

However, I would go through the statement. Firstly, a reference has been made to a large number of court of inquiries. The final sentence in almost all the court of inquiries is, "administrative action against army personnel have been completed". "Action against defaulting personnel have been initiated--three officers, one JCO and three other ranks responsible..." Fine, this is good. These people will be proceeded against and they shall be punished. My question to the hon. Minister is: Have you identified the people who are sitting in the Ministry of Defence, in the Government, the Financial Advisor's office, who have delayed decisions on procuring these elementary things like grass-cutting machines, fire engines? Have you identified the people who are responsible for delaying decisions on these, as a result of which you are taking an easy way out of punishing these three or four people who have no defence because they are subject to the Army Act, they will be punished and they would accept it. It is something like what is happening in Tehelka, in a broader context. However, that is not the issue. I would like him to please answer that point.

In addition, the hon. Minister says, "All depots have been directed to update safety and security instructions. All depots have been inspected by a Board of Officers to check the adequacy of safety and security arrangements. This is in the context of additional steps being taken to prevent such incidents". With due respect to the hon. Minister, I would say that no Board of Officers today, no matter how senior, can certify truthfully that safety and security arrangements are adequate. It would be just a paper exercise. If they do certify that they are adequate, I suggest, you have

the statements rechecked.

"All depots have been directed to update safety and security instructions". This has almost become a weekly exercise now. Frankly, I don't think, they can be updated any further.

"Shortages in firefighting equipment are being made up and defective equipment repaired". I wish him good luck in the process, because this process has been going on for years. I hope, some positive action is being taken.

"Allotment of additional funds to create proper explosive storage houses". Good. "Government has allotted an amount of Rs.350 crores". The hon. Minister may pardon my cynicism, as indeed the House, because, I believe, if the Bharatpur fire did not take place, this money would not have been allotted. I am glad that it has been allotted. I hope, it is spent, because, my information is, due to the existing procedural commitments, checks, balances, counter checks, counter balances, are all required, only a fraction of this money is spent. On the ground, the construction is not progressing. I do hope, you will expedite that.

"Proper explosive storage houses are being created". Mr. Chairman, Sir, the best explosive storage houses are a design called the igloo pattern of houses. But these are very expensive. These incidentally are those which are being used by advanced countries. What we are making is, we are making a necessity --because we can do nothing else -- we are creating sheds. I do not know whether even with this amount of Rs.350 crores which we are spending, we shall have really explosive-proof storage houses because they are too expensive. I do not know whether Rs.350 crores will cover construction of that quality. I understand, I know, unless matters have improved in the last four or five years, which I do not think, would have, in the ammunition depots even with the inadequate storage arrangements which are there, ammunition lying under canvas, to even store it improperly, if I may use this word, your ammunition depot sizes have to increase. By my recollection, at one time, a shortage of 30,000 acres of land for development of ammunition depots was there. I do not know whether the Government - this Government or the previous Government or any Government - can make this available. Because unless the land is available, I do not think any storage will be safe. That brings me to the point of human habitation right around the perimeters of ...

MR. CHAIRMAN: It is already one o' clock.

1.00 P.M.

SHRI SHANKAR ROY CHOWDHURY: May I complete, Sir?

MR. CHAIRMAN: Yes.

SHRI SHANKAR ROY CHOWDHURY: Right Sir. Mr. Chairman, Sir, this is a very urgent issue. People are not supposed to live within a kilometre-and-a-half of the perimeters of the storage depots. But you go to any ammunition storage depot, you will find cultivations and human habitation up to the perimeters of the depot itself. The Ministry of Defence can issue letters, they can issue gazette, but ultimately, it boils down to the State administration in those areas to ensure that the human habitation is kept away from the perimeters. But here the respective State Governments have consistently failed due to a nexus between local politicians and land sharks. As a matter of fact, there was a news item the other day. A reporter went to Air Force Ammunition Depot, Gurgaon. He wanted land which someone said he would get him right next to the perimeters. When the reporter questioned him, "This not supposed to be done, this is illegal," the agent apparently laughed and said, "Sarkar ko revenue chahiye". What he meant by that I do not know. But this is a live problem and it should be addressed by this Government which happens to be in office today. Frankly, I think, the task is very difficult, but I would like to express my concern about the future. My first concern is -- whereas many deficiencies have been pointed out for which the Government is doing its best -- it is a Herculean task- my concern is about the sabotage, particularly in the case of fire at Mamoon and the fire at Bhirdwal because these -- the hon. Minister knows -- are operationally critical. He knows the details. I do not want to go further into them. My concern is increased by a newspaper report which says that one Manoj Srivastava has been arrested somewhere in the East -- this report is from Calcutta -- and he has been confirmed to be an ISI agent. He said that the ISI was responsible for the fire at Mamoon and Bhirdwal. If that is true, then, perhaps, the Government is aware of it and taking necessary action on it because sabotage is the main concern for the future. My next concern is --we are producing missiles, Prithvi Missiles, Agni Missiles and many other missiles -- about the storage for these missiles. I am aware of the storage conditions. The Prithvi Missile, for example, which I will not discuss with the hon. Minister here. He is also aware of them. The Agni is also coming into storage. Are we making necessary arrangements for their storage under conditions where you have a campaign of insurgency, proxy war, spreading throughout the country?

would also like to mention, Mr. Chairman, Sir, that the locations of all these missiles are under satellite surveillance by Super Powers. They know where these places are and at the appropriate time, depending on who they want to favour, this information can be fed to the parties concerned, if not already fed. I am sure the Government is factoring this also into it. We are dealing with fires in ammunition depots. There are also other categories of fire. I have a list of them with me. I cannot mention them here because it is beyond the purview of the present discussion. This discussion is about the fire in the ordnance factories which are making ammunition. Since it is not the subject of this discussion, I would not like to go into it further. But, I am sure, the Government is looking into this aspect also. It is Phulgaon, Khirkee, etc. You are aware of it.

Lastly, we are saying that money has been allotted to ammunition depots. But, there are equally hazardous depots where inflammable materials like petrol, fuel, petroleum products, oil and lubricants are stored -- elsewhere also which are located almost in similar areas, near built-up areas. I do hope, the Government is paying attention to these also. Thank you.

MR. CHAIRMAN: The House is adjourned for lunch till 2 0' clock.

The House then adjourned for lunch at six minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at five minutes past two of the clock.

The Vice-Chairman (SHRI SURESH PACHOURI) in the Chair.

श्री रमा शंकर कौशिक (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, माननीय रक्षा मंत्री जी ने हमारे गोलाबारूद में जो आग लग रही है उसके बारे में बड़े विस्तार से उत्तर तो दिया है, लेकिन उस उत्तर से जो और भी बहुत सी संभावनाएं हो सकती हैं या बहुत सी आशंकाएं हो सकती हैं, उन पर प्रकाश नहीं पड़ता। दूसरा, भविष्य के लिए क्या योजना है, भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के क्या उपाय सोचे गए हैं, इसका भी पूरी तरह से इस वक्तव्य में कोई उल्लेख नहीं मिलता। श्रीमन्, यह बड़े दुर्भाग्य की बात है कि पिछले दो वर्षों से लगातार हमारे इन आयुध के डिपुओं में आग लगती जा रही है। उससे पहले कभी इतनी घटनाओं का पता नहीं चलता। लेकिन सन् 2000 से जो सिलसिला शुरू हुआ है और एक इत्तफाक यह भी है कि 29 अप्रैल को ही शुरू होता है, यह एक विचित्र संयोग की बात हो सकती है, लेकिन कुछ और कारण भी हो सकते हैं। सब से पहले ऊंची बस्ती में 2000 में घटना हुई, फिर रतनचुक में हुई, फिर भरतपुर में हुई, फिर कानपुर में हुई और फिर अब 29 अप्रैल, 2001 को मामून में हुई, 3 मई, 2001 को देहू रोड में हुई, 24 मई, 2001 को गंगानगर में बिर्दवाल में हुई, 23 जून, 2001 को

शकूर बस्ती, दिल्ली में हुई और अब 6 अगस्त को जबलपुर में आयुध डिपो में आग लगने की घटना हुई। माननीय मंत्री जी ने जो हानि के आंकड़े दिए हैं वे भी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं हैं। हमारी जानकारी में जो हैं वे मैं बताऊंगा, हो सकता है वे गलत हों, लेकिन मैं माननीय मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूं कि कृपया इस ओर भी ध्यान दें और ठीक-ठीक पता लगाया जाए कि हमारी कितनी हानि हुई है। मेरी जानकारी के अनुसार 29 अप्रैल, 2001 को मामून आयुध डिपो में जो आग लगी उसमें 27.69 करोड़ रुपये की हानि हुई है, 24 मई, 2001 को गंगानगर में बिर्दवाल में आयुध डिपो में जो आग लगी उसमें 378 करोड़ रुपये की हानि हुई है और 3 जून, 2001 को शकूर बस्ती, दिल्ली में जो आग लगी उसमें 2.68 करोड़ रुपये की हानि हुई है। इस हानि के क्या कारण हैं इनकी माननीय मंत्री जी को पूरी तरह से किसी अपनी एजेंसी के जरिए जांच करानी चाहिए।

श्रीमन् माननीय मंत्री जी ने जो अब तक जांच रिपोर्टें आई हैं उनका भी उल्लेख किया है और कई जगहों की आग पर इन्होंने जांच कराई है और वह पूरी हो गई है। यानी भरतपुर की 28 अप्रैल, 2000 की, देहू रोड की 3 मई, 2000 की, केन्द्रीय आयुध डिपो कानपुर में 28 मई, 2000 को हुई घटना की और गोलाबारूद उप डिपो मामून में 29 अप्रैल, 2001 को जो घटना हुई उसकी भी जांच रिपोर्ट आ गई है और दूसरी जगहों की जांच रिपोर्ट आने वाली है। अगर इन जांच रिपोर्टों को देखें तो सब में करीब-करीब एक से ही कारण दिए गए हैं। मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि अगर किसी एक डिपो पर आग लगने के जो कारण आए, उन कारणों को दूसरी जगह से दूर करने के लिए इंतजाम क्यों नहीं किया गया? प्राय: वही कारण हैं कि घास की कटाई नहीं हुई, बिजली का इंतजाम ठीक नहीं है, आग बुझाने के उपकरण नहीं हैं, सफाई करने की मशीन नहीं है। जांच रिपोर्टों में सब जगह प्राय: एक ही प्रकार के कारण आए हैं। इसलिए मैं यह जानना चाहता हूं कि जब एक जगह की जांच रिपोर्ट में जो कारण आए थे तो दूसरी जगह पर उन कारणों को दूर क्यों नहीं किया गया? तीसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि जो गोलाबारूद फुंका है यह सारे का सारा अपने देश का नहीं है, यह बाहर से आता है और हजारों करोड़ रुपए की हमारी रकम दूसरे देशों में जाती है। महोदय, यह भी एक विचित्र बात है कि कानपुर में 29 मई, 2000 में आग लगी, वह बुझा दी गयी, लेकिन 30 मई को वहां दूसरी जगह आग लगी, वह भी बुझा दी गयी। फिर 31 मई को वहीं आग लगी, वह भी बुझा दी गयी। महोदय, उस में स्नो किट्स थे जो कि कारगिल की लड़ाई के लिए हमारे जवानों को भेजे जाने थे। उन के पहनने की वर्दियां थीं, कुछ उपकरण थे और दूसरा सामान था, वह सारा-का-सारा फुंक गया। तो लगातार तीन दिन तक एक ही जगह आग लगती रही, इस के क्या कारण हो सकते हैं? महोदय, निश्चित रूप से जब हम बाहर से माल मंगाते हैं तो उस में दलालों की चांदी होती है। इसलिए माननीय मंत्री जी को इस आशंका को भी देखना चाहिए कि कहीं ऐसी बात तो नहीं है कि ये कार्य कुछ हमारे ही, अपने ही बीच के लोगों के जरिए से हो रहे हों। महोदय, यह आशंका उस समय और भी बढ़ जाती है जब कैप्टन आनंद कुमार के बारे में लोगों को पता चलता है जोकि मध्य कमान में तैनात थे और उस से पहले भरतपुर में भी तैनात थे। महोदय, उन की एक रिट पटना हाईकोर्ट की रांची बेंच में चल रही है जिस में उन्होंने पर्दाफाश किया है कि यह जानबूझकर हुआ है और या तो डिपोज में जो सामान आया, वह कम आया है या उस को कहीं इधर-उधर किया गया है। उस से बचने के लिए इस प्रकार से कानपुर में आग विशेष रूप से लगी है। महोदय, कैप्टन आनंद कुमार को फौज के बड़े अफसरों ने पागल करार देने की कोशिश कर दी और उन की वह रिट रांची की बेंच में विचाराधीन है। मैं माननीय मंत्री

जी से कहना चाहूंगा कि कृपया उसके पहलू को भी देखें। मैं यह नहीं कहना चाहता कि उन की बात ही सच होगी, लेकिन इस बात को नजरंदाज नहीं किया जा सकता कि हजारों हजार करोड़ रुपए का हमारा आयुध पिछले दो सालों से लगातार जल रहा है और उस के सारे आस्पेक्ट्स को हम न देखें, हम कैप्टन आनंद कुमार की बात को न सुनें जब कि वहीं उन की ड्यूटी थी। अब चूंकि मध्य कमान का हैडक्वार्टर शायद रांची में है, इसलिए उन्हें अपनी रिट पटना हाईकोर्ट में दायर करनी पड़ी जोकि उस की रांची बेंच में लंबित है। इस रिट में कैप्टन आनंद कुमार ने दो आरोप लगाए हैं कि यह सब साजिश है और हमारे डिपोज में आयुध कम थे व जो आयुध डिपोज में आए उन को इधर-उधर बेचा गया। इस वजह से यह सब कुछ छिपाने के लिए कार्यवाही की गयी।

महोदय, इस सारे मामले में बड़ी विचित्र बातें देखने में आती हैं। रत्नचूड़ में जो आग लगी, उस के बारे में कहा जा रहा है कि वहां से रेलगाड़ी गुजरती है और रेलगाड़ी के पहिए व पटरी से जो चिंगारी निकली, उस से आग लग गयी। यह बड़ी विचित्र बात है। फिर उस डिपो के बाद यह रेलवे लाइन बनी है और यह भी सोचने की बात है कि रेलवे लाइन उस के इतने नजदीक क्यों बनायी गयी? महोदय, पहले तो कोयले वगैरा के इंजन से गाड़ियां चलती थीं और यह बात समझ में आ सकती थी कि कोयले की वजह से आग लग गयी हो। लेकिन पहिए और रेल पटरी के घिसने से जो चिंगारी निकली उस से वहां आग लग गयी। यह सारी विचित्र बातें हैं। मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि कृपया इन सारे पहलुओं पर विचार करें और इस बारे में विस्तार से पूरी जांच होनी चाहिए ताकि भविष्य में जो आप नियोजन करें वह इस तरह से व्यर्थ न जाए। मैं मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि आप अपने 7 डिपोज का जो आधुनिकीकरण करने वाले थे, वह कार्य अभी तक पेंडिंग पड़ा है। कानपुर में अभी तक कोई काम शुरू नहीं हुआ है। वहां ऐसे ही पैबंद लगाए गए हैं। हालांकि यह कहा जा रहा है कि उस का आधुनिकीकरण करीब-करीब पूरा हो गया है, लेकिन उस में केवल पैबंद लगाए गए हैं। उस का पूरा काम नहीं हुआ है। धन्यवाद।

SHRI JIBON ROY (West Bengal): Thank you, Mr. Vice-Chairman. I am not surprised by the regular incidents of fire in the ammunition depots, but I am shocked because of two reasons. Firstly, it is an open secret, everybody knows about the cause of the fire, except the Members of Parliament. Everybody knows about it. Still the Ministry and the concerned Department kept sleeping for years together, without trying to improve the situation. The second reason for the shock is that the incidents are taking place one after the other. At Bharatpur itself, according to the previous Defence Minister's statement, the loss amounted to Rs. 370 crores, though the private estimates put the loss at Rs. 2,000 crores. Sir, no official statement has come out from the Government as to what actually caused fires. Absence of a comprehensive statement raises many questions about the storage management. Therefore, I said that I was shocked for two reasons. Firstly, no step was taken to ensure that such incidents do not recur and secondly no statement was made by the Minister concerned as to

what caused the fires. Only today,. as a result of the Calling Attention Motion, the statement has been made by the hon. Minister.

Sir, the general perception is that the fire has taken place because no proper storage arrangement is there for the arms and ammunitions. I do agree that there is no proper storage arrangement. Moreover, adequate funds are not provided for the purpose. The storage management is not modernised. Moreover, there is an absence of skilled manpower. This is another problem. Hon. Defence Minister is aware that perhaps the biggest fire in history had taken place three years ago at Jabalpur. At that time it was found that there was no proper storage management and that there was no skilled labour for the purpose. Storage of ammunitions requires specialised stacking by specialised people. But, that manpower is not there in most of the depots. Ammunitions are simply unloaded and kept outside in the grass unguarded. Sir, you find that the incidents of these fires have taken place only during summer and not during winter. This shows there was an unscientific and wrong stacking of ammunitions stored. As you know, during the summer season, there is a possibility of fires taking place, no proper safety management systems were kept at place. All these things could not even attract the attention of the Ministry. I would like to know from the hon. Minister whether henceforth an independent safety management system will be established. If you can have an independent audit system, why can't you have an independent safety management system? I am told even the vacancies of the people responsible to run the fire engines have not been filled up. You have to take care of that aspect also.

Finally, a lot of suspicion has come about in the minds of the people. Some say it is because of the faulty safety arrangements; some say it is because of lack of proper storage arrangements. Moreover, there is a possibility of sabotage, which may take place from two directions. One is by the agents of the companies who supply arms and ammunition from abroad. I am glad that except the ammunition at Bharatpur, probably all the ammunitions are produced in our country. Only missiles were imported. In India, most of the ammunitions are produced by our public sector companies and not by private companies. But, the moment you open up the ammunition production area to private and foreign companies, that area would get exposed to new forces. Nobdoy knows the actual cause of the fires. The Statement of the hon. Minister of Defence on the Bharatpur incident also could not point out the cause of the fire. Nobody could detect

it. It was only an assumption that a short-circuit had taken place. In other cases, no identification, no real reason for the accident has been ascertained. It may be because of sabotage. Now, if you open up the market of ammunition and manufacturing of weapons to everybody, then, you will have many agencies which would work for this purpose. I would like the Defence Minister to take note of it and ponder over the matter. Finally, may I know from the Defence Minister whether the Government would take measures to bring safety to our ammunition system and storage system? Thank you very much.

SHRI MANOJ BHATTACHARYA (West Bengal): Mr. Vice-Chairman, Sir, thank you very much. I am sorry to say that the statement made by the hon. Defence Minister is not at all satisfactory. Many doubts arise following such a statement on a very, very serious and sensitive matter. While speaking on this Calling Attention motion, I am haunted by the direction of the hon. Chairman, "One Member should not take more than five minutes." The time constraint is there. I am afraid, it may not be possible for me to seek clarifications, within five minutes, from the Defence Minister. Therefore, I would request the indulgence of the Chair.

Sir, I do not know why the hon. Members of this House are telling that within a span of two years seven accidents have taken place. In fact, right from April, 2000 to 6th August, 2001, seven accidents have taken place. It is only one year and three months. Within this short time, seven accidents have taken place. I am not a person to buy the concept of accidents.

I remember an English axiom that once you are fooled, the blame is not yours. You cannot be blamed for that. But if you are fooled twice, the same way, you will be blamed. Here we find seven accidents have taken place. The Defence Department which is believed to be the most competent Department of this country has been fooled. Not only that, over and above this, these inquiries into the accidents have been conducted by themselves. It is only the part of the administration who are responsible for this sort of unsafe keeping of the ammunition. They have conducted inquiries. The inquiry, perhaps, suppressed more than it revealed.

A doubt arises in my mind. During 1981-82 when Shrimati Indira Gandhi was the Prime Minister of this country, Shri R. Venkataraman was the Finance Minister. A loan of Rs.5000 crores was taken from the International Monetary Fund in the form of Special Drawing Rights, in the

